DIGITAL - EPAPER
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
# भीलवाड़ा फोकस
RNI No. : RJHIN/25/A0890
प्यार और विश्वास के पावन पर्व रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

# अमित शाह का लालू- राहुल पर तीखा प्रहार , बोले घुसपैठिए इनका वोट बैंक हैं, इसलिए महागठबंधन परेशान

## सीतामढ़ी में मां जानकी मंदिर का हुआ भूमिपूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिहार**

सीतामढ़ी में मूसलाधार बारिश के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ 50 एकड़ में बनने वाले 882 करोड़ की लागत के भव्य मां जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। राजस्थान से मंगाए जा रहे विशेष बलुआ पत्थर से बनने वाले इस मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी। भूमिपूजन के लिए 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का जल और अयोध्या के हनुमानगढ़ी से ईंट लाई गई थी। मंदिर को नेपाल के फूलों से सजाया गया।

इस मौके पर शाह ने मंच से SIR (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) पर लालू प्रसाद और राहुल गांधी को घेरते हुए कहा– जो भारत में जन्मा नहीं, उसे वोट देने का अधिकार नहीं है। घुसपैठिए इनका वोट बैंक हैं, इसलिए महागठबंधन परेशान है।÷ उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये बिहार के युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं और लालू-कांग्रेस इन्हें बचाना चाहती है।





तेजस्वी यादव को चुनौती देते हुए शाह ने कहा– ÷मैं बनिए का बेटा हूं, पाई-पाई का हिसाब रखता हूं। तेजस्वी बताएं कि उनके माता-पिता के शासन में गुंडागर्दी और अपहरण के अलावा क्या हुआ।

ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी हमलों का बदला लिया, जबकि कांग्रेस सरकार में आतंकी भाग जाते थे। शाह ने दावा किया कि बिहार में एनडीए की सरकार स्पष्ट बहुमत से बन रही है। उन्होंने समस्तीपुर से दिल्ली के लिए अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर बिजोलिया पुलिस की कार्रवाई , 409 किलो अफीम डोडा चूरा व लग्जरी फॉर्च्यूनर जब्त




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 61 लाख 35 हजार रुपये बताई जा रही है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त लग्जरी वाहन फॉर्च्यूनर को भी जब्त किया गया है। थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि 7 अगस्त को हेड कांस्टेबल ताराचंद को सूचना मिली थी कि लाडपुरा की ओर से एक संदिग्ध फॉर्च्यूनर कार तेज रफ्तार में आ रही है। पुलिस ने केसरगंज कट पर नाकाबंदी की, लेकिन गाड़ी को रोकने का इशारा करने पर यू-टर्न लेकर भागने की कोशिश की। स्टॉप स्टिक लगाने के बावजूद तस्कर कच्चे रास्ते से गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। तलाशी में गाड़ी से 409.040 किलो अफीम डोडा चूरा मिला, जिसे जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। तस्करों की तलाश जारी है। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल ताराचंद, विजय सिंह, रामसिंह, लक्ष्मण सिंह, हरिसिंह, कांस्टेबल सुनील, जितेंद्र, दलबीर, रामदयाल, सुरेंद्र, लाखन, जुगराज, विश्राम, मनोज का सहयोग रहा।

# राजस्थान का इतिहास किताब में बदला, नक्शे पर संग्राम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान की शौर्यगाथा पर बने विवाद ने सियासी पारा चढ़ा दिया है। एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की किताब में छपे मानचित्र में मेवाड़, जैसलमेर, बूंदी, अलवर, मारवाड़, बीकानेर और जयपुर को वर्ष 1759 के मराठा साम्राज्य का हिस्सा दिखाया गया है। इस पर पूर्व राजघरानों से लेकर नेताओं तक, सभी ने नाराजगी जताई है।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इसे ऐतिहासिक भूल बताते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की और ऐतिहासिक प्रमाणों के साथ सुधार की मांग रखी। शेखावत ने कहा है कि तथ्य साफ हैं, राजस्थान का यह भू-भाग कभी मराठा साम्राज्य में नहीं रहा। इतिहास की सच्चाई और जनभावना का सम्मान होना चाहिए।÷ विवादित नक्शा पुस्तक 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी÷ इंडिया एंड बियॉन्ड' के तीसरे पाठ में प्रकाशित है, जिसमें मराठा साम्राज्य की सीमाएं कोल्हापुर से कटक और उत्तर में पेशावर तक फैली दिखाई गई हैं। मेवाड़, जैसलमेर, बूंदी और अलवर के पूर्व राजपरिवारों ने इसे राजस्थान के गौरवशाली इतिहास के साथ छेड़छाड़ करार दिया है। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा, जबकि भाजपा के नेता तत्काल सुधार की मांग में जुट गए हैं। बढ़ते विरोध के बीच अब मामला दिल्ली दरबार तक पहुंच चुका है, और ऐतिहासिक नक्शे की इस 'गलत तस्वीर' को बदलने की कवायद तेज हो गई है।



# मुशी चौराहे पर डंपर की टक्कर से 32 वर्षीय युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया जाम



**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

( परमेश्वर )। थाना क्षेत्र में हुरड़ा-भीलवाड़ा मेगा हाईवे स्थित मुंशी चौराहे पर डंपर और बाइक की भिड़ंत में झांतला निवासी अरुण प्रताप सिंह उर्फ शेरु सिंह (32) की गुरुवार को मौत हो गई। फैक्ट्री से काम कर लौटते समय तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मारी। गंभीर हालत में बनेड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां से भीलवाड़ा रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे से गुस्साए सैकड़ों ग्रामीणों ने पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाड़ा, कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रैगर, बल्दरखा सरपंच श्यामलाल शर्मा, मुंशी सरपंच भागचंद कुमावत, उपरेड़ा सरपंच ईशु बन्ना सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में रोड जाम कर दिया। सूचना पर थानाप्रभारी मुलचंद वर्मा और शाहपुरा डीएसपी ओमप्रकाश विश्नोई मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। देर रात तक घटनास्थल पर भीड़ बनी रही। इस दौरान 4 घंटे बाद 5 लाख के मुआवजे पर शांति के बाद जाम खुला। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

# शिक्षकों की कमी से आक्रोशित छात्रों ने स्कूल पर जड़ा ताला, किया प्रदर्शन – दो घंटे बाद खोले ताले, चार शिक्षक और लगाए







**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

कोटड़ी ब्लॉक के गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायत के सोपुरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी से नाराज़ छात्र-छात्राओं का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। आक्रोशित विद्यार्थियों ने विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़कर प्रदर्शन किया और शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

जानकारी के अनुसार, विद्यालय में लगभग 400 छात्र-छात्राओं का नामांकन है, लेकिन शिक्षण के लिए मात्र 7 शिक्षक ही उपलब्ध थे। गत दिनों एक शिक्षिका की नियुक्ति से यह संख्या 8 हुई, जबकि विद्यालय में कक्षा 12 तक पढ़ाई होती है। शिक्षकों की कमी के चलते गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव साफ दिखाई दे रहा है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई विषयों के लिए शिक्षक न होने के कारण विद्यार्थी स्व-अध्ययन करने को मजबूर हैं।

गुस्साए विद्यार्थियों ने मांग की कि विद्यालय में तुरंत पर्याप्त शिक्षक लगाए जाएं, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने भी छात्रों के इस आंदोलन का समर्थन किया और शिक्षा विभाग की उदासीनता पर नाराजगी जताई।

सूचना पर कोटड़ी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक, सत्यनारायण पटवारी, अनिल कुमार बांगड़, पीईईओ गेगा का खेड़ा चंद्र सिंह, कमलेश कुमार राव आदि मौके पर पहुंचे और छात्रों व ग्रामीणों से समझाइश की। करीब दो घंटे बाद छात्र-छात्राएं और ग्रामीण मान गए, जिसके बाद विद्यालय के ताले खोले गए। इस दौरान प्रशासन ने विद्यालय में चार और शिक्षकों की नियुक्ति कर दी तथा जरूरत पड़ने पर और शिक्षकों की तैनाती का आश्वासन दिया। घटना की सूचना पर बड़लियास थाना से दीवान सुनील बेनीवाल मय जाब्ता मौके पर पहुंचे।

### इनका कहना है

विद्यालय में शिक्षकों की कमी की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए चार नए शिक्षक लगाए गए हैं। आवश्यकता होने पर और भी शिक्षक तैनात किए जाएंगे।

**अशोक कुमार पारीक, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कोटड़ी**

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# नशे में भाई ने भाई का किया कत्ल, चाकू से सीने पर वार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**



नांता थाना क्षेत्र के करणी नगर इलाके में शुक्रवार रात शराब के नशे में बड़े भाई ने छोटे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी।

डीएसपी गंगासहाय ने बताया कि मंगल 26 वर्ष और उसका बड़ा भाई सन्नी 30 वर्ष घर पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि सन्नी ने गुस्से में छोटे भाई के सीने पर चाकू से वार कर दिया और मौके से भाग गया। गंभीर रूप से घायल मंगल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और दबिश देकर आरोपी सन्नी को डिटेन कर लिया। हत्या के कारणों की जांच जारी है।

# सैलून बंद करवाने की रंजिश में दुकानदार पर हमला, नकदी लूटी बाइक भी तोड़ी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर के सुभाष नगर इलाके में एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक सलून में घुसकर दुकानदार से मारपीट की, तोड़फोड़ की और नकदी लूटकर फरार हो गया। बदमाश जाते-जाते बाहर खड़ी बाइक को भी नुकसान पहुंचा गया। घायल दुकानदार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सुभाषनगर इलाके में यूआईटी ऑफिस के सामने सैलून चलाने वाले सुरेश पुत्र घिसू सेन ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार देर शाम चपरासी कॉलोनी निवासी राकेश सेन उसकी दुकान पर आया और मारपीट कर फर्नीचर तोड़ दिया। हमले में उसे कई जगह चोटें आई। राकेश दुकान में रखे 19,700 रुपये नकद भी लूटकर ले गया और बाहर खड़ी बाइक को भी नुकसान पहुंचाया।

सुरेश का आरोप है कि राकेश लगातार दुकान खाली करवाने की धमकी दे रहा है। करीब छह महीने पहले भी उसने हमला कर मोबाइल तोड़ दिया था। सुभाष नगर थाना पुलिस ने सुरेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चाय के लिए रुका युवक होटल में बैठते ही गिरा, अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



कस्बे में शुक्रवार को चाय पीने के लिए शक्करगढ़ चौराहा स्थित होटल पर रुका युवक अचानक बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शांति भील पुत्र बाबूलाल भील, निवासी झालावाड़, हाल मुकाम मारुति टांकीज के पास बिजोलिया के रूप में हुई है। युवक रिको में मुनीम के रूप में कार्यरत था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है।घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचित किया है जिनके आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# सावर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा ब्लैकमेलिंग व जबरदस्ती के आरोप में भेजा जेल

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश मीणा)।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सावर थाना पुलिस ने शुक्रवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी संजय कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जेल भेज दिया। यह मामला थाना सावर के एक गांव का बताया जा रहा है। जहाँ पीड़िता से आरोपी संजय कुमार ने दोस्ती का झांसा देकर उसे नशा पिलाया और दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर पीड़िता को ब्लैकमेल किया और धमकाकर गहने व नकदी हड़प ली। आरोप है कि आरोपी के साथी मनोहर ने भी पीड़िता से 1 किलो चांदी की कनकती जबरन ले ली। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर, तकनीकी और मुखबीर की मदद से आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# सड़कों के गड्ढों में पौधरोपण, अधिकारियों के नाम लगाए स्टीकर




**भीलवाड़ा फोकस @ भरतपुर**

बरसात में गड्ढों से तबाह सड़कों पर ध्यान खींचने के लिए महाराजा सूरजमल युवा ब्रिग्रेड ने अनोखा विरोध किया। शहरभर के गड्ढों में पौधरोपण कर पौधों पर गृह राज्य मंत्री, जिला प्रशासन, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और बीडीए अधिकारियों के नाम के स्टीकर लगाए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पहलवान ने कहा, सड़कों की खस्ता हालत से रोज हादसे हो रहे हैं, लेकिन मरम्मत नहीं हो रही। हमारा उद्देश्य प्रशासन को चेताना है, ताकि जल्द सड़कों की मरम्मत हो और लोगों की जान बच सके।

बिग्रेड का कहना है कि महाराजा सूरजमल की तरह समाज के लिए एकजुट होकर वे शहर की बदहाली के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

# सिंगोली चारभुजानाथ में भक्तों की आस्था ,दान पात्र से निकले 28.75 लाख रुपये

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सिंगोली श्याम मंदिर में दान पात्र से निकली राशि की गणना जारी है। मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी ने बताया कि देवस्थान विभाग द्वारा दान पात्र खोलकर प्रतिदिन गणना की गई। अब तक कुल 28 लाख 75 हजार 430 रुपये सहयोग राशि प्राप्त हुई है, जिसे बैंक में जमा कराया गया है । गणना कार्य में देवस्थान विभाग के सहायक लेखा अधिकारी सुरेंद्र सिंह, निरीक्षक भोजराज अग्रवाल, कैशियर विजय आशीवाल, वरिष्ठ सहायक बंशीधर बुनकर, मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी, मंदिर भंडारी सुरेंद्र पराशर, राधेश्याम सेन, दिनेश कुमार, प्रकाश पाराशर, सुरक्षा गार्ड शंकर सिंह, पन्नालाल, शंकर नाथ, कन्हैया लाल, नंदलाल, सुजीत कुमार, बैंक कैशियर सत्यनारायण रेगर सहित सिंगोली प्रगति राजीवका महिला समूह का सहयोग मिल रहा है ।



# कन्हैयालाल हत्याकांड पर बनी फिल्म रिलीज, पिता की तस्वीर थामे थिएटर पहुंचे बेटे, फिल्म देखते छलके आंसू

**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर**

हाथ में पिता की तस्वीर, आंखों में यादें और दिल में दर्द- शुक्रवार को अर्बन स्क्वायर मॉल का माहौल भावुक हो गया, जब कन्हैयालाल साहू के बेटे यश और तरुण उनके जीवन पर बनी फिल्म का पहला शो देखने पहुंचे। जैसे ही पर्दे पर 28 जून 2022 की दर्दनाक घटना का दृश्य आया, दोनों भाई रो पड़े।

यश ने कहा यह फिल्म हमारे संघर्ष की गवाही है। तीन साल से न्याय के लिए खड़े हैं, लेकिन अभी तक फैसला नहीं आया। देश की जनता हमारा साथ दे, ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके।÷



उन्होंने बताया कि फिल्म में पिता की हत्या की साजिश और पूरी वारदात को दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन भरत एस. श्रीनेत और जयंत सिन्हा ने किया है, निर्माता अमित जानी हैं। विजय राज ने कन्हैयालाल का किरदार निभाया, जबकि रजनीश दुग्गल और प्रीति झांगियानी भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह घटना 28 जून 2022 को उदयपुर में हुई थी, जब नुपूर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पोस्ट के बाद समुदाय विशेष के आरोपियों ने कन्हैयालाल की दुकान में घुसकर गला काटकर हत्या कर दी थी। एनआईए ने मामले में पाकिस्तान के कराची निवासी सलमान और अबू इब्राहिम को फरार बताते हुए मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद और मोहम्मद रियाज अत्तारी सहित 11 आरोपियों मोहसिन, आसिफ, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अली, फरहाद मोहम्मद शेख उर्फ बबला, मोहम्मद जावेद, मुस्लिम मोहम्मद के खिलाफ चालान पेश किया था।

# जालिया में जिंदल सॉ के समर्थन में ग्रामीणों का ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**


जालिया ग्रामवासियों और जिंदल सॉ लिमिटेड के उप ठेकेदारों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सांसद दामोदर अग्रवाल के संसद में दिए बयान को असत्य, भ्रामक और आधारहीन बताया। ग्रामीणों ने कहा कि सांसद ने गांव का दौरा तक नहीं किया और बिना तथ्य जाने गलत बयान दिया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कन्हैया लाल माली वर्षों से विवाद फैलाकर गांव की छवि खराब कर रहा है और निजी स्वार्थ से अवैध उगाही करना चाहता है। ग्रामीणों ने जिंदल सॉ द्वारा रोजगार व विकास देने की सराहना करते हुए कंपनी के काम जारी रखने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।



QUICK BITES

## मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान का महामस्तकाभिषेक हुआ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में चतुर्दशी के पावन दिवस पर बड़े बाबा मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान का महामस्तकाभिषेक हुआ। प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि सुबह मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं पर श्रावकों ने बारी-बारी से महामस्तकाभिषेक किया। लक्ष्मीकांत जैन ने पदम प्रभु, पूनम चंद सेठी ने आदिनाथ ,राजेंद्र सोगानी ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की। अन्य प्रतिमाओं पर भी श्रावकों ने शांतिधारा की। इस उपरांत पूजा- अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं अर्ग समर्पण किये। इस अवसर पर कई धर्मालुगण उपस्थित थे। सायंकाल 48 दीपों से रिद्धि मंत्रों द्वारा भक्ताबर के महाआरती की गई ।

## जालिया में जिंदल सॉ पर अवैध ब्लास्टिंग का आरोप, किसानों ने कलेक्टर व एसपी को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




बनेड़ा तहसील के जालिया गांव के किसानों ने जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा अवैध ब्लास्टिंग और खनन बंद कराने, साथ ही सुरक्षा देने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि 14 जून 2024 को हुई तेज ब्लास्टिंग से खेतों व मकानों को भारी नुकसान हुआ और ग्रामीणों की जान पर खतरा आया।

ग्रामीणों ने इसके बाद 205 दिन तक धरना देने के बाद कंपनी से लिखित समझौता किया था, लेकिन 6 माह बाद भी कई शर्तें पूरी नहीं हुईं। सांसद दामोदर अग्रवाल ने यह मुद्दा लोकसभा में भी उठाया, पर कार्रवाई नहीं हुई। किसानों का कहना है कि कोर्ट की रोक के बावजूद 8 अगस्त को पुलिस मौजूदगी में ब्लास्टिंग करवाई गई।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अवैध खनन व ब्लास्टिंग बंद नहीं हुई और सुरक्षा नहीं दी गई, तो वे कलेक्ट्रेट के बाहर सामूहिक आत्मदाह करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

“भीलवाड़ा फोकस” को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?


तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# रक्षाबंधन पर पुलिस, अस्पताल कर्मियों व विद्यालयों में बंधी भाईचारे की डोर



भीलवाड़ा : साई ऑर्गनाइजेशन की संस्थापक द्वारा पुलिस को बांधा गया रक्षा सूत्र



भीलवाड़ा : पुर में चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ को राखी बांधती भाजपा कार्यकर्ता



गुरला: बच्चो ने बनाया रक्षाबंधन पर्व




बिजोलिया : सरस्वती स्कूल के बच्चो ने पुलिस थाने पहुंचकर राखी बांधी



शक्करगढ़: पुलिस थाने में राखी बाँधती भाजपा कार्यकर्ता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा/अजमेर/गुरला/बिजौलिया/शक्करगढ़ -

रक्षाबंधन पर्व पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, विद्यालयों और धार्मिक संगठनों ने पुलिस व अस्पताल कर्मियों को राखी बांधकर सुरक्षा व सेवा के प्रति विश्वास जताया।

**भीलवाड़ा** में सांई ऑर्गेनाइजेशन ऑफ सोशल इम्प्रूवमेंट की संस्थापिका रेखा शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने प्रतापनगर थाने में पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर सम्मान व्यक्त किया। वहीं, भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने पुर थाना पुलिस और अस्पताल कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर सम्मान व समर्पण दिवस मनाया।

**अजमेर** जिले के सावर में विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों ने थाना प्रभारी बनवारीलाल मीणा व अन्य पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को मजबूत किया।

गुरला के सृजन विद्यापीठ विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने आपस में राखी बांधकर पर्व मनाया और इसके महत्व पर चर्चा की।

**बिजौलिया** के सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल के बच्चों ने स्थानीय पुलिस थाने पहुंचकर अधिकारियों को राखी बांधी और आभार जताया।

**शक्करगढ़** में भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मराज मीणा के मुख्य आतिथ्य में महिला कार्यकर्ताओं ने स्थानीय थाने में पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया और श्रीफल भेंट कर सम्मान व समर्पण दिवस मनाया। इस अवसर पर पूजा देवी सेन, लाली देवी सेन, रिंकू मीना, सरोज सेन, मीरा देवी मीना सहित कई महिलाए मौजूद रहीं।

**रिपोर्टर - राजकुमार गोयल (पुर) , दिलखुश मीणा (सावर), सत्यनारायण सेन (गुरला), मानव तिवाड़ी (बिजौलिया), सांवरिया ( शक्करगढ़)**

## खेल मैदान और विद्यालय से अतिक्रमण नहीं हटा – सुविधाओं के अभाव में सैकड़ों खिलाड़ियों का भविष्य दांव पर

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



सरकार द्वारा विद्यालयों और खेल मैदानों से अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में हालात जस के तस हैं। बरोदा पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तलोदा का मामला इसका ताज़ा उदाहरण है, जहां खेल मैदान पर वर्षों से अतिक्रमण कायम है और प्रशासन की अनदेखी के कारण सैकड़ों खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए पर्याप्त जगह तक नहीं मिल रही। विद्यालय परिसर के खेल मैदान पर कांटों की बाड़, पत्थर और गोबर की ढेरी डालकर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। इससे बच्चों को खेलकूद में गंभीर परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय गांव के कई बच्चों ने खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर भागीदारी की है। वर्तमान में विद्यार्थी सॉफ्टबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन खेल मैदान न होने से उन्हें अभ्यास में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

शिक्षा विभाग अगले महीने से खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने जा रहा है, मगर मैदान की दुर्दशा खिलाड़ियों के उत्साह पर पानी फेर रही है। विद्यालय प्रशासन और ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायतें भेजकर अतिक्रमण हटाने की मांग की, लेकिन वर्षों बाद भी समस्या जस की तस है। स्थानीय खेल प्रेमी देवराज मीना ने बताया है कि खेल मैदान में अतिक्रमण हटाकर चारों ओर बाउंड्री दी जाए और विकास कार्य करवाए जाएं, ताकि स्कूल के बच्चों को खेलने की सुविधा मिले।

## बुद्धि व संस्कारों से मन को शुद्ध करो, राग-द्वेष से दूर रहो - मुनि अनुपम सागर महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



न्यू हाउसिंग बोर्ड स्थित संयम भवन में आयोजित धर्मसभा में मुनि अनुपम सागर महाराज ने कहा कि यदि स्वयं शुद्ध हैं, तो मन भी शुद्ध होगा, विचार और सोच अच्छी होगी। मनुष्य में यदि कषाय भरी है तो मान-सम्मान चला जाएगा।

उन्होंने कहा कि काम अच्छा करेंगे तो मन का काला दूर हो जाएगा। पवित्र मन और शुद्ध विचार सिद्ध शिला तक पहुँचने में देर नहीं लगाते। बुद्धि और संस्कारों से मन को शुद्ध करो। पंडित वही है जो आगमपूर्वक क्रिया करे, आत्मकल्याण के साथ दूसरों का भी कल्याण करे, राग-द्वेष से दूर रहे और विनम्र बने।मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि माता को पीड़ा का ज्ञान होता है, किसान और सैनिक अपने-अपने कर्तव्य को जानते हैं। उन्होंने कहा कि होशियार नहीं, समझदार बनो। कीच-किच और कीचड़ के दलदल से बचो, ज्ञान गंगा से पुण्यवान बनो – यही आत्मकल्याण का मार्ग है।

मुनि निर्मोहसागर महाराज ने कहा कि भगवान में श्रद्धा रखेंगे तो आत्मकल्याण होगा। ज्ञान होते हुए भी लोग मूढ़ता में चले जाते हैं, भटक जाते हैं। ज्ञान का महत्व समझें, इससे ही मान-सम्मान प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट बापूनगर के पदाधिकारी लक्ष्मीकांत जैन अध्यक्ष, अशोक पाटोदी उपाध्यक्ष, पूनम चंद सेठी मंत्री, प्रकाश पाटनी प्रचार एवं संगठन मंत्री एवं अन्य ट्रस्टीगण मौजूद रहे। प्रारंभ में दीप प्रज्वलन, पादपक्षालन, जिनवाणी भेंट एवं अर्ग समर्पण किया गया। पूनम चंद सेठी ने मंगलाचरण और पदमचंद काला ने मंच संचालन किया। बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता पर्व की तैयारियां शुरू – मांडलगढ़ पंचायत समिति से 'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।




79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्षोल्लास और देशभक्ति की उमंग के साथ मनाने की तैयारियां मांडलगढ़ में शुरू हो गई हैं। पंचायत समिति प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा एवं बीडीओ संगीता व्यास ने बताया कि 2 अगस्त से शुरू हुए कार्यक्रम 15 अगस्त तक आयोजित होंगे । इनमें सरकारी भवनों पर आकर्षक लाइट डेकोरेशन, हर घर तिरंगा अभियान और देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। इसी क्रम में शुक्रवार को पंचायत समिति परिसर से हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ भारत माता के जयकारों के साथ किया गया। पंचायत प्रसार अधिकारी राजेंद्र सैन ने बताया कि इस अभियान के तहत पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों, स्कूलों और हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए क्षेत्रवासियों को प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर पंचायत प्रसार अधिकारी प्रभुलाल धाकड़, सोनू पाराशर , अभिषेक पारीक, रघुनंदन वैष्णव , फ़ियाज मोहम्मद, युवराज सिंह चौधरी, चेतन पाराशर, सत्यनारायण जोशी, सत्यनारायण सेन, कैलाश चंद्र बारेठ सहित पंचायत समिति के कई कार्मिक उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी से आकोला तक शिव भक्तों की डाक कांवड़ यात्रा, भव्य स्वागत के बाद जलाभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक**

कस्बे के शिव भक्तों ने शुक्रवार को त्रिवेणी संगम बीगोद से आकोला तक डाक कांवड़ यात्रा निकाली। डाक कांवड़ यात्रा संघ के सदस्य सुरेश गोस्वामी ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ सुबह 7:15 बजे त्रिवेणी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। यात्रा बीगोद, नयागांव, बोहरी माता चौराया, सोपुरिया, कुड़ी, सवाईपुर होते हुए आकोला पहुंची। यहां ग्रामीणों ने डाक कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद रघुनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया और परिवार व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई।

महाआरती के उपरांत भोग लगाया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। यात्रा में नारायण आचार्य, अंकित तिवाड़ी, प्रकाश भाट, अनिल खटीक, मनोज तिवाड़ी, अर्जुन भाट, सूरज भाट, राजेश तेली, मुकेश भाट, रतन मीणा, सूरज भाट, कार्तिक उपाध्याय, शंकर तेली, धनराज उपाध्याय, लोकेश दरोगा सहित कई शिव भक्त शामिल हुए।



# हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमंडी में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य उषा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंची। इस दौरान छात्राओं और शिक्षकों ने देशभक्ति के नारों से जनमानस को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रभारी छोटी जाटोलिया के निर्देशन में छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया।

रैली में प्रधानाचार्य उषा शर्मा सहित करीब 750 बालिकाओं और विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया



# यूनेस्को ने शुरू किया प्लास्टिक छोड़ो अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अगस्त क्रांति दिवस पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन, जवाहर फाउंडेशन व एलएनजे ग्रुप के सहयोग से ÷प्लास्टिक छोड़ो आंदोलन÷ का शुभारंभ महावीर भवन, नाड़ी मोहल्ला में हुआ। ध्यान योगी विकसित मुनि महाराज व वीतराग मुनि महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने ÷प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो÷ का नारा दिया और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खतरों पर प्रकाश डालते हुए कपड़े के थैले, स्टील की बोतल व पर्यावरण हितैषी बर्तनों के प्रयोग का आह्वान किया।

प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि अभियान के तहत शहर में कपड़े के बैग वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में चेतन मानसिंहका, दिनेश जैन, ललित अग्रवाल, जगदीशचंद्र मुंदड़ा सहित यूनेस्को सदस्य व बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित रहे।



# लैपटॉप प्रेजेंटेशन से किसानों को मिला पैक्स कंप्यूटराइज़ेशन का प्रशिक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

ग्राम पंचायत सरथला में सहकारिता विभाग व नाबार्ड के सहयोग से किसानों व संचालक मंडल के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम सेवा सहकारी समिति सरथला में लैपटॉप के जरिए पीपीटी प्रेजेंटेशन व वीडियो के माध्यम से 50 कृषकों को पैक्स कंप्यूटराइजेशन, समिति की पारदर्शिता और कार्यकुशलता में वृद्धि के लाभ बताए गए। प्रशिक्षण व्यवस्थापक घनश्याम कंजर ने ERP पोर्टल से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में जीएसएस अध्यक्ष राधेश्याम कंजर सहित संचालक मंडल व ग्रामीणों ने भाग लिया।



## QUICK BITES

# बाबा मसानिया भैरुनाथ को राखी का चोला करवाया धारण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



(पंकज पोरवाल) - शहर के पंचमुखी मोक्षधाम में स्थित श्री मसानिया भैरुनाथ मंदिर में रक्षाबंधन के पर्व पर बाबा मसानिया भैरुनाथ को कोलकत्ता, बिहार व बनारस से लाई गई रंग बिरंगी राखियो का चोला धारण करवाया गया, मंदिर परिसर में विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के युवा अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि बाबा का श्रृंगार करने में दीपक सोनी, अवनीत सिंह छाबड़ा, पूरण नाथ अभिषेक सोलंकी सहित कई श्रद्धालुओं का सहयोग रहा। 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर सायंकालीन विशेष आरती की जाएगी, बाबा को खीर का भोग लगाया जाएगा।

# पीएचसी भवन का विधायक मीणा ने किया शुभारंभ, दर्जनों गांवों को मिलेगा लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



विधायक गोपीचंद मीणा ने टिटोड़ा जागीर में ?1.51 करोड़ की लागत से डीएमएफटी मद में बने नवनिर्मित पीएचसी भवन का शुभारंभ किया। इस अत्याधुनिक केंद्र में एक चिकित्सक समेत 7 सदस्यीय स्टाफ तैनात है, जो प्राथमिक जांच, सामान्य उपचार, टीकाकरण और दवाइयों की सुविधा देगा।

## उद्घाटन समारोह में विधायक मीणा ने कहा

है को हमारा संकल्प है जहाजपुर क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा के लिए परेशान न होना पड़े। इस स्वास्थ्य केंद्र से दो पंचायतों के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। वही भाजपा नेता किशोर शर्मा ने राजस्थान सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर पर बसे लोगों को सहायता प्रदान करना है बताया । कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मराज मीणा, सोहन लाल नामा , सत्यनारायण शर्मा , रामकुवार मीना , रामगोपाल शर्मा ,रमेश काष्ट, देवकरण मिश्रा ,गणेश मिश्रा , धर्म चंद मीना ,बीसीएमओ अशोक जाट डॉक्टर युवराज सिंह चौधरी , सीएचओ अनिता गुर्जर , एएनएम निर्मला मीना सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# काछोला में रोडवेज सेवा ठप, ग्रामीणों में रोष

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला




पिछले कई दिनों से रोडवेज बस सेवा बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। बिना सूचना बसें रद्द करने पर ग्रामीणों ने भीलवाड़ा रोडवेज आगार प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाया। रक्षाबंधन पर महिलाओं की फ्री यात्रा योजना भी बसें न आने से कागज़ी साबित हुई। बस सेवा ठप होने से विद्यार्थी, नौकरीपेशा और मरीजों को भारी दिक्कत है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द सेवा बहाल नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीण मोनू कुमार डागा, मुरली मनोहर मूंदड़ा और संजय कुमार पारीक ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com




स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।